प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 10.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आरोप, विधानसभा चुनाव के वक्त असम के मुख्यमंत्री को फंसाने की थी साजिश, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से पूरे मामले की जांच कराने की मांग।
2. रांची के मोरहाबादी में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां तेज, उपायुक्त ने सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की, परेड रिहर्सल भी हुई शुरु।
3. झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची सदर अस्पताल में गर्भवती को स्ट्रेचर और ट्रॉली उपलब्ध नहीं कराए जाने पर स्वतः संज्ञान से दर्ज किया मामला, स्वास्थ्य विभाग से मांगी रिपोर्ट।
4. विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में झारखंड–बिहार के पहले रिसर्च और इनक्यूबेशन सेंटर की रखी गई आधारशिला।
5. लोहरदगा की मेजबानी में अंडर–23 झारखंड राज्य कुश्ती प्रतियोगिता आज से शुरू, डेढ़ सौ पहलवान ले रहे हिस्सा, स्वर्ण पदक विजेताओं को झारखंड टीम में मिलेगी जगह।

*******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के एक वरीय पुलिस पदाधिकारी पर पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को फंसाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इसकी जानकारी दी। श्री मरांडी ने कहा कि जल्द ही वे इससे संबंधित सबूत देंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मामले की जांच कराने की मांग की है।

*******************

राजधानी रांची के मोरहाबादी में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने इस समारोह को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने समारोह स्थल में पंडाल निर्माण, पार्किंग व्यवस्था, साफ– सफाई और सुरक्षा संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उपायुक्त ने इस दौरान संबधित विभागों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तय समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया है। समारोह के परेड में इस बार 14 प्लाटून शामिल होगी, जिनका रिहर्सल शुरु हो चुका है।

*******************

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज कहा कि संडे ऑन साइकिल पहल ने फिट इंडिया अभियान को एक बड़े आंदोलन में बदलने में मदद की है। उन्होंने नई दिल्ली में संडे ऑन साइकिल फिट इंडिया कार्यक्रम में भाग लेते हुए यह बात कही। श्री मांडविया ने बताया कि अब तक देश भर के 50 हज़ार से ज़्यादा गाँवों के पंचायत प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर फिट इंडिया का संदेश फैलाया है।

*******************

जमशेदपुर में आधुनिक परिवहन सुविधाओं से युक्त अंतरराज्यीय बस टर्मिनल के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर इसका निर्माण होगा। लगभग 145 करोड रुपए की लागत से 13 एकड़ जमीन मैं टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा।

*******************

नई दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाजरत राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत स्थित बनी हुई है। उनके ऑपरेशन पर आज फैसला लिए जाने की संभावना है। फिलहाल वे चिकित्सकों की सघन निगरानी में हैं। उनके इलाज को लेकर अमेरिका के चिकित्सकों का भी परामर्श लिया जा रहा है।

*******************

झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची सदर अस्पताल में एक गर्भवती को स्ट्रेचर और ट्रॉली उपलब्ध नहीं कराए जाने पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले को जनहित याचिका में तब्दील कर दिया। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्वास्थ्य विभाग से पूरी रिपोर्ट मांगी है। इस मामले में कल सुनवाई होगी। अस्पताल परिसर में अवैध पार्किंग की वजह से एंबुलेंस अंदर नहीं प्रवेश कर पाई थी। ऐसे में गर्भवती को पैदल जाना पड़ा था।

*******************

विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में रिसर्च एंड इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर चंद्रभूषण शर्मा ने लगभग 54 करोड़ की लागत से बनने वाले इस सेंटर की आधारशिला रखी। यूसेट के प्राध्यापक डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि झारखंड –बिहार का यह पहला विश्वविद्यालय है, जहां यह सेंटर खुल रहा है। इसके अलावा विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन साइबर सिक्योरिटी, सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस इन रिमोट सेंसिंग, सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस ऑन सोशल साइंस और सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस ऑन अप्लाइड साइंस की भी स्थापना की जाएगी।

*******************

गढ़वा जिला प्रशासन द्वारा विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है।

*******************

जमशेदपुर के सोनारी नदी के डोबो पुल से आत्महत्या करने के बढ़ रहे मामलों को लेकर प्रशासन गंभीर है। वरीय पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष ने बताया कि पुल के दोनों ओर अब ऊंची जाली लगाई जाएगी, ताकि इस तरह की घटनाएं नहीं हो।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिला के राजनगर थाना क्षेत्र के लकड़ा कोचा मोड़ के पास आज एक सड़क हादसे में बाइक पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। ये सभी युवक चाईबासा से जमशेदपुर जा रहे थे, उसी दौरान एक खड़े ट्रक से मोटरसाइकिल टकरा गई।

*******************

लोहरदगा की मेजबानी में अंडर–23 झारखंड राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता की आज शुरुआत हुई। बलदेव साहू स्टेडियम में दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य भर के लगभग 150 पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। वहीं, विभिन्न श्रेणियां में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहलवान राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड कुश्ती टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

*******************

राजधानी रांची के कांके स्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की तीन छात्राओं का चयन सब जूनियर फुटबॉल के राज्यस्तरीय शिविर के लिए हुआ है। इन छात्राओं में नंदिनी कुमारी, शिवानी कुमारी और सीता कुमारी शामिल हैं। खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल का आयोजन धनबाद में हुआ था।

*******************

बोकारो, धनबाद और सिमडेगा समेत राज्य के कई हिस्सों में 13 अगस्त को फिर से भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभि षेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की वजह से झारखंड में भी इसका व्यापक असर दिखेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में इस वर्ष एक जून से अबतक लगभग नौ सौ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है, जो सामान्य से चालीस प्रतिशत ज्यादा है।

*******************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का जनता दरबार कल रांची के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दिन के ग्यारह बजे से लगेगा।
- जेपीएससी की 11 वीं से13वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में झारखंड प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन 18 अगस्त से कार्मिक विभाग द्वारा किया जाएगा।
- साहिबगंज वन विभाग की टीम ने गंगा नदी के बसकोला घाट पर छापेमारी कर एक नाव से अवैध शीशम के बोटे जब्त किए हैं।
- 28वीं सब जूनियर सेपक टकरा राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी रांची  को मिली है। यह प्रतियोगिता नवंबर में होगी।

*******************